StudentBounty.com

नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

S—97—Science (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2014

विज्ञान

(SCIENCE)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5.

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न
1-8	1
9-14	2
15-24	3
25-30	5

6. प्रश्न संख्या 25 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

StudentBounty.com

1. अमोनिया के अणु का सूत्र लिखिये। 1
2. संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG) के प्रमुख घटक का नाम लिखिये। 1
3. आवर्त सारणी के प्रस्तुतकर्ता का नाम लिखिये। 1
4. आवर्त सारणी में 'आवारा तत्व' किसे कहा गया है ? 1
5. आवर्त सारणी में किस ओर धातुएं स्थित होती हैं ? 1
6. प्राकृतिक वरण द्वारा जैव विकास का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ? 1
7. फ्यूज बनाने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है ? 1
8. अमीटर को विद्युत परिपथ में कौनसे क्रम में लगाया जाता है ? 1
9. लोहे को जंग से बचाने के **दो** उपाय बताइये। 2
10. न्यूलैण्ड्स का अष्टक सिद्धान्त क्या है ? 2
11. 'फॉसिल डेटिंग' पर टिप्पणी लिखिये। 2
12. प्रत्यावर्ती विद्युत धारा उत्पन्न करने वाले स्रोतों के नाम लिखिये। 2
13. गंगा प्रदूषण पर टिप्पणी लिखिये। 2
14. जैव मात्रा को स्पष्ट कीजिये। 2
15. उभयधर्मी ऑक्साइड क्या होते हैं ? दो उभयधर्मी ऑक्साइडों के उदाहरण दीजिये। 3
16. ईंधन के रूप में एल्कोहॉल के उपयोग को समझाइये। 3
17. आवर्त सारणी के द्वितीय समूह में उपस्थित किन्हीं तीन तत्वों के नाम व उनके प्रतीक चिह्न लिखिये। 3
18. 12 वोल्ट विभवान्तर के **दो** बिन्दुओं के बीच 3C आवेश को ले जाने में कितना कार्य किया जाता है ? 3
19. घरेलू विद्युत परिपथों में अतिभारण से बचाव के लिए क्या सावधानी बरतनी चाहिए ? 3
20. पर्यावरण को बचाने के लिए **तीन** प्रकार के 'R' को समझाइये। 3
21. बड़े बांधों के विरोध की कौन-कौनसी समस्याएं हैं ? उल्लेख कीजिये। 3
22. उत्तम ऊर्जा के स्रोत की विशेषताएं लिखिये। 3
23. सौर कूकर का नामांकित चित्र बनाइये। सौर कूकर के **दो** लाभ लिखिये। 3
24. निम्न को लिखिये :
    (i) ओजोन का अणुसूत्र।
    (ii) CFC का पूरा नाम।
    (iii) CFC का उपयोग किसमें किया जाता है ? 3

StudentBounty.com

25. धातुओं के सामान्य गुणधर्म बताइये। 5

अथवा

ऐसी धातुओं के उदाहरण दीजिये जो कि

(i) कमरे के ताप पर द्रव होती है।

(ii) चाकू से आसानी से काटा जा सकता है।

(iii) ऊष्मा की सबसे अच्छी चालक होती है।

(iv) ऊष्मा की कुचालक होती है ।

(v) जो मुक्त अवस्था में पायी जाती है।

26. कोयले तथा पेट्रोलियम का निर्माण कैसे होता है ? समझाइये। 5

अथवा

साबुन की सफाई प्रक्रिया की क्रिया विधि को समझाइये।

27. मनुष्य में बच्चे का लिंग निर्धारण किस पर निर्भर करता है ? रेखाचित्र द्वारा मानव में लिंग निर्धारण को समझाइये। 5

अथवा

जीवाश्म किसे कहते हैं ? जैव विकास प्रक्रम के विषय में जीवाश्म क्या दर्शाते हैं ? स्पष्ट कीजिये।

28. समान्तर क्रम संयोजन किसे कहते हैं ? श्रेणी क्रम संयोजन व समान्तर क्रम संयोजन में कोई **तीन** अन्तर लिखिये। 5

अथवा

(i) ओम के नियम का कथन कीजिये।

(ii) अमीटर व वोल्टमीटर में **दो** अन्तर लिखिये।

29. विद्युत जनित्र का सिद्धान्त लिखिये। विद्युत जनित्र की बनावट का नामांकित चित्र बनाइये। प्रत्यावर्ती धारा जनित्र के विभिन्न भागों के नाम व कार्य लिखिये। 5

अथवा

अतिभारण से आप क्या समझते हैं ? भूसम्पर्क तार का क्या कार्य होता है ? धातु के आवरण वाले विद्युत साधित्रों को भूसम्पर्कित करना क्यों आवश्यक है ?

30. आहार-शृंखला किसे कहते हैं ? प्रकृति में वन में, घास के मैदानों में व तालाब में आहार शृंखला को एक-एक उदाहरण द्वारा समझाइये। 5

अथवा

पारितंत्र किसे कहते हैं ? एक प्राकृतिक व एक कृत्रिम पारितंत्र को समझाइये।